**न्यायालय सिविल जज (जू0डि0),टाण्डा, अम्बेडकरनगर।**

सं0प्र0 वाद सं0 35/09

सीएनआर नं0 यूपीएएन120000132006

जगन्नाथ——— बनाम—— बैजनाथ आदि

**निस्तारण प्रार्थना पत्र 37क1ः—**

दिनांक

16.01.2021

पत्रावली पेश हुई। पुकार करायी गयी। पुकार पर प्रार्थी मय विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र 23क1 हेतु पेश है।

प्रार्थना पत्र 37क1 मय शपथ पत्र प्रार्थी द्वारा अंतर्गत आदेश 22 नियम 4 सपठित आदेश 6 नियम 17 जा0 दी0 इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि उपरोक्त वाद में दौरान मुकदमा विपक्षी बैजनाथ का देहान्त दिनांक 08.12.2018 को हो गया है मृतक के निकटतम कायम मुकामान व वारिस मृतक के पुत्रगण बीरेन्द्र कुमार व जितेन्द्र कुमार है इनके अलावा और कोई कायम मुकामान व वारिस नहीं है। अतः उपरोक्त के प्रकाश में विपक्षी बैजनाथ के नाम के आगे मृतक लिखने तथा परिणामिक संशोधन किये जाने की याचना की गयी है।

कोई आपत्ति नहीं की गयी है।

सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

प्रार्थना पत्र शपथ पत्र से समर्थित है। प्रार्थना पत्र में कथन किया गया है कि विपक्षी बैजनाथ की मृत्यु हो चुकी है, मृतक के निकटतम कायम मुकामान व वारिस मृतक के पुत्रगण बीरेन्द्र कुमार व जितेन्द्र कुमार है इनके अलावा और कोई कायम मुकामान व वारिस नहीं है। कोई आपत्ति नहीं की गयी है। प्रस्तुत संशोधन से उपरोक्त प्रकरण के प्रभावी न्याय निर्णयन में सुगमता होगी। न्यायहित में प्रार्थना पत्र 23क1 स्वीकार किये जाने योग्य है।

**आदेश**

प्रार्थना पत्र 23क1 स्वीकार किया जाता है। प्रार्थी, प्रार्थना पत्र 3क में आवश्यक संशोधन अन्दर सप्ताह करे। प्रार्थी, विपक्षी बैजनाथ के वारिसानों पर नोटिस की पैरवी करे। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र 3क दिनांक 02.03.2021 को पेश हो।

सिविल जज जू0डि0, टाण्डा
अम्बेडकरनगर।
जे0ओ0 कोड यूपी2353

Digitally signed by Priti Bhushan
Date: 2021.01.19 11:42:15 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court